an>

Title: Regarding setting up of MSME training centre in Nasik.

श्री हेमन्त तुकाराम गोडसे (नासिक): माननीय अध्यक्ष महोदय, हमारे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत करने के लिए एमएसएमई बहुत अहम भूमिका निभाती है । …(व्यवधान) देश की जीडीपी में एमएसएमई का हिस्सा 24.63 परसेंट है । …(व्यवधान) एमएसएमई मंत्रालय की जिम्मेदारी जब से आदरणीय मंत्री श्री नितिन गडकरी जी को सौंपी गई है तब से छोटे उद्योगों को बड़ी व्याप्ति देने का काम वहां हो रहा है ।…(व्यवधान) एमएसएमई में लगभग चालीस सेक्टर और पांच सौ अधिक छोटे कोर्सेज अंतर्भूत हैं । इन सभी कोर्सेज के लिए एक ही छत के नीचे ट्रेनिंग सेंटर या सेंटर ऑफ एक्सिलेंस का होना जरूरी है, जिससे हमारा युवक जिस क्षेत्र में भी उसको रुचि है …(व्यवधान) उसका प्रशिक्षण लेकर एक सक्षम और कुशल युवक बनकर खुद का उद्योग शुरू कर सके । खादी ग्रामोद्योग एमएसएमई के अंतर्गत आता है । …(व्यवधान) खादी ग्रामोद्योग की देश में सबसे बड़ी 265 एकड़ जमीन नासिक में है । इससे पहले 2016-17 में इस जगह पर डीम्ड स्किल यूनिवर्सिटी के प्रस्ताव को खादी ग्रामोद्योग काउन्सिल ने मान्यता दी है । …(व्यवधान)

इस प्रस्ताव में इन्फ्रास्ट्रक्चर डैवलपमेंट, होस्टल, वोकेशनल ट्रेनिंग्स, इंडस्ट्री में लगने वाले कुशल रोजगार कोर्सिस, उद्योग में उपयुक्त कोर्सिस, टेक्नोलॉजी इन्क्युबेशन सैंटर आदि हर क्षेत्र में भारत के नवयुवक आगे रहें, ऐसे कोर्सिस का समावेश किया गया है, परंतु यह प्रस्ताव प्रलंबित है । …(व्यवधान)

मैं आपके माध्यम से एमएसएमई मंत्रालय से विनती करता हूं कि भारत के हर क्षेत्र में कुशल युवकों को आगे बढ़ने के लिए नासिक खादीग्राम उद्योग की जगह पर एमएसएमई ट्रेनिंग सेंटर को मान्यता दी जाए । धन्यवाद ।